महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी
Dr. Ashok Nath Tripathi
सहायक प्रोफेसर (Assistant Professor)
हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग
Dept. of Hindi & Comparative Literature

दिनांक : 23 दिसंबर, 2015

# सूचना

विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के प्रकाशित शोध पत्रों में से श्रेष्ठ शोध पत्रों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया था। इस संदर्भ में सभी विभागाध्यक्षों/निदेशकों/प्रभारी अध्यक्षों से आग्रह भी किया गया था कि अपने विभाग/केंद्र के शोधार्थियों के प्रकाशित (जुलाई 2014 से 30 अक्टूबर 2015 तक) शोध पत्रों को एकत्रित कर अधिकतम श्रेष्ठ 3 शोध पत्रों को 20 दिसंबर 2015 तक अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करने का कष्ट करें। किंतु संभवत: सत्रांत अवकाश और NET परीक्षा के कारण सभी विभाग के विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व नहीं हो सका है। पुन: अनुरोध है कि 15 जनवरी 2016 तक प्राप्त शोध पत्रों को अधोहस्ताक्षरी या डॉ. अमित कुमार त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग के पास पहुंचवाने का कष्ट करें। प्राप्त शोध पत्रों का मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। मूल्यांकन के उपरांत शोध पत्रों में तीन को निम्नानुसार पुरस्कृत किया जाएगा-

प्रथम पुरस्कार - 2500 रुपये
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपये
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपये

शोध पत्र निम्नलिखित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना है

1. शोध पत्रिका/पुस्तक के कवर पृष्ठ की छाया प्रति (ISSN/ISBN नंबर एवं अंक विवरण सहित)
2. अनुक्रमणिका की छाया प्रति
3. प्रकाशित शोध पत्र की छाया प्रति

(डॉ.अशोक नाथ त्रिपाठी)
संयोजक

**प्रतिलिपि:**

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. वित्त विभाग
4. सभी विभागाध्यक्ष/केंद्र निदेशक/प्रभारी अध्यक्ष (वेबसाइट द्वारा)
5. लीला प्रभारी (विवि की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
6. कार्यालय प्रति

016/जावक/ 670
दिनांक 28/12/15

गांधी हिल्स, पोस्ट : हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा - 442 005 (महाराष्ट्र)
मोबा. 9423645364, फोन नं.- +91 - 7152-232974 फैक्स नं.- +91 - 7152-230903
ई-मेल : ashoksahitya@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org